卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 356 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦2 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दशहरा मेले की तैयारियों पर बारिश ने डाला खलल


### कई जगह रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले भीगने से आयोजक परेशान





देहरादून/रूद्रपुर। प्रदेशभर में विजयदशमी की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन दोपहर को अचानक बदले मौसम ने न सिर्फ आयोजकों की मेहनत पर पानी फेर दिया, बल्कि दशहरा मेले और रावण दहन की तैयारियों को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया। दोपहर के समय तेज हवाओं और झमाझम बारिश ने जहां एक ओर लोगों को राहत दी, वहीं दूसरी ओर रामलीला समितियों और दशहरा आयोजकों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दीं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई रामलीला मैदानों और आयोजन स्थलों पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशालकाय पुतलों को पूरी सज-धज के साथ खड़ा किया जा चुका था, ताकि शाम को उन्हें परंपरागत रूप से अग्नि के हवाले किया जा सके। लेकिन बारिश ने तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। प्रदेश के कई स्थानों में जहां पुतलों को पानी से बचाने के लिए तिरपाल और प्लास्टिक की मदद ली गई, वहीं कुछ जगहों पर भीगने से पुतले गलने लगे। आयोजकों ने कई स्थानों पर आनन-फानन में पुतलों को दोबारा नीचे लिटा कर तिरपाल से ढका, लेकिन तेज हवाओं के बीच ये प्रयास कई बार नाकाफी साबित हुए। **रूद्रपुर-** गांधी पार्क में दशहरा मेले की तैयारियां बीते कई दिनों से चल रही थीं। यहां रामपुर से आए कारीगरों ने 60, 65 और 75 फुट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले तैयार किए थे। गुरूवार सुबह पुतलों को पूरी तरह खड़ा कर दिया गया था और शाम के कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में थी। लेकिन दोपहर करीब 12 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जिससे पुतलों के भीगने और गलने का खतरा पैदा हो गया। आयोजकों ने तुरंत हरकत में आकर पुतलों को जमीन पर लिटाया और तिरपाल से ढकने की कोशिश की, लेकिन विशालकाय आकार और तेज हवाओं ने काम को मुश्किल बना दिया। बारिश के (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे में धुत थानाध्यक्ष ने मारी तीन गाड़ियों को टक्कर ,निलंबित



देहरादून। शहर के पॉश इलाके राजपुर रोड पर सोमवार रात एक शर्मनाक घटना सामने आई, जब राजपुर थाने के थानाध्यक्ष शैंकी कुमार ने नशे में धुत होकर अपनी निजी कार से एक के बाद एक तीन वाहनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना के तुरंत बाद घटनास्थल पर हड़कंप मच गया और लोगों ने न केवल उन्हें पकड़ लिया, बल्कि घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। घटना का एसएसपी अजय सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए रात में ही शैंकी कुमार को निलंबित कर दिया और उनके खिलाफ राजपुर थाने में ही मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। साथ ही विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। इस बीच कालसी थाने के प्रभारी दीपक धारीवाल को नया थानाध्यक्ष राजपुर नियुक्त किया गया है। वीडियो में शैंकी कुमार सादे कपड़ों में एक कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं, जबकि उनके चारों ओर स्थानीय लोग उन्हें घेरकर सवाल कर रहे हैं। जब वह उठकर जाने की कोशिश करते हैं, तो नशे की हालत इतनी गंभीर थी कि वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। इसी दौरान 'चीता' लिखी बाइक से पहुंचे कुछ पुलिसकर्मी उन्हें वहां से हटाने की कोशिश करते दिखे, लेकिन लोगों ने उन्हें रोक लिया और पुलिस की कार्रवाई की मांग की। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद जब जांच की गई तो यह स्पष्ट हुआ कि शैंकी कुमार सादे कपड़ों में होने के बावजूद ड्यूटी पर ही थे। थाने में उनकी रवानगी की स्थिति की जांच के बाद विभागीय कार्रवाई की संस्तुति दी गई, जिस पर एसएसपी के आदेश से उन्हें निलंबित कर मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी अजय सिंह ने कहा कानून सभी के लिए समान है। वर्दी में रहकर भी यदि कोई कानून का उल्लंघन करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजपुर थानाध्यक्ष शैंकी कुमार के खिलाफ सभी आवश्यक विभागीय कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

## 5 अक्टू. को होने वाली सहकारी निरीक्षक भर्ती परीक्षा हुई स्थगित

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने पांच अक्टूबर को प्रस्तावित सहकारी निरीक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी है। बाद में परीक्षा की नयी तिथि घोषित की जाएगी। आयोग ने यह निर्णय परीक्षार्थियों के आग्रह व फीडबैक के बाद लिया। परीक्षार्थियों ने आयोग से संपर्क कर बताया कि पिछले दिनों पेपरलीक प्रकरण के कारण वे विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए, जिससे इस परीक्षा की पर्याप्त तैयारी नहीं कर पाए। परीक्षा टलने का दूसरा कारण यह भी माना जा रहा है कि स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र के कुछ अंश लीक होने के कारण पूरे प्रकरण की जांच चल रही है। जांच के दौरान परीक्षा आयोजित करना उचित नहीं समझा जा रहा है। आयोग के पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार पांच अक्टूबर को सहकारी निरीक्षक वर्ग-दो/ सहायक विकास अधिकारी (सहकारी) के 45 पदों के लिए लिखित परीक्षा देहरादून और हल्द्वानी के 26 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जानी थी। मंगलवार को प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## रंजिशन हुई फायरिंग में युवक बाल-बाल बचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में सोमवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाशों ने ढाबे पर बैठे युवक को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और उस पर फायर झोंक दिया। फायरिंग में युवक बाल-बाल बच गया, लेकिन हमलावर ने उसके सिर पर तमंचे की बट से वार कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिवनगर वार्ड नंबर 8 निवासी निशा पत्नी सोनू सागर ने थाना ट्रांजिट कैम्प में दी तहरीर में बताया कि उसका देवर सोमवार शाम करीब 6:50 बजे तीनपानी शुक्ला फार्म स्थित शराब ठेके के पास दीपक भाई के ढाबे पर बैठा था। तभी भदईपुरा निवासी सूरज पांडे, वीरा राजपूत, बोबी चौधरी, उदय सूटर और जयप्रकाश वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जयप्रकाश ने सूरज पांडे को गोली मारने के लिए उकसाया। इसके बाद सूरज ने उसके देवर पर फायर कर दिया, हालांकि वह बाल-(शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने आंदोलनकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून स्थित शहीद स्थल कचहरी परिसर में राज्य आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान से ही उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आन्दोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण हेतु निरंतर संकल्पित है तथा उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के सपनों के अनुरूप एक समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का निर्माण ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

## जाति सूचक शब्द कहने का विरोध करने पर किया हमला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में एक महिला को जाति सूचक शब्द कहने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने महिला के पति व अन्य परिजनों पर धारदार हथियारों से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। रम्पुरा वार्ड 24 निवासी अनिल पुत्र अशोक का कहना है कि उसने दूसरी जाति की युवती से प्रेम विवाह किया है। मौहल्ले का रहने वाला एक युवक उसे जाति सूचक शब्द कहकर चिढ़ाता है। मना करने पर वह रंजिश रखने लगा।(शेष पृष्ठ सात पर)

## जयंती पर महात्मा गांधी और शास्त्री जी को किया नमन







देहरादून/रूद्रपुर। प्रदेश भर में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गयी। राजधानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सीएम ने गांधी पार्क में भी गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने सत्य, अहिंसा और त्याग के मार्ग से पूरे विश्व को शांति और एकता का संदेश दिया। उनका जीवन दर्शन आज भी समाज को नई दिशा देने वाला है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से गांधीजी के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी की प्रेरणा से ही हमें स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सादगी का संदेश मिलता है, जो राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनका स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर राष्ट्र को स्वाभिमान और एकजुटता के साथ मजबूती से खड़े होने का रास्ता दिखाया। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सादगी, सत्यनिष्ठा, लगन, नैतिकता व राष्ट्र के प्रति समर्पण की जो अदभुत मिसाल कायम की, वह हम सबके लिए प्रेरणादायी है। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजभवन परिवार की उपस्थिति में एक प्रार्थना सभा आयोजित की गई। भातखंडे संगीत महाविद्यालय, देहरादून के कलाकारों ने गांधी जी के प्रिय भजनों – ''वैष्णव जन तो तैने कहिये जे पीर पराई जाणि रे'', ''श्री राम चन्द्र कृपालु भजुमन'', ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया, पायो जी मैने राम रतन धन पायो, दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल की संगीतमय प्रस्तुति दी। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने सम्पूर्ण विश्व के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और विशेषकर युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी सादगी और सरलता से परिपूर्ण जीवन शैली हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें (शेष पृष्ठ सात पर)

# युद्ध भूमि में लक्ष्मण के हाथों मारा गया पराक्रमी मेघनाद

**लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, लक्ष्मण को शक्ति लगना, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, मेघनाद रावण अंतिम मिलन का हुआ मार्मिक मंचन**









रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में विगत रात्रि रावण द्वारा मेघनाद को युद्धभूमि भेजना, लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, लक्ष्मण को शक्ति लगना, राम विलाप, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, मेघनाद का यज्ञ विध्वंस, मेघनाद रावण अंतिम मिलन, मेघनाद-सुलोचना संवाद, मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध, मेघनाद वध तक की सुंदर व भव्य लीला का आयोजन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा नें दीप प्रज्जवलित कर किया। आज के कार्यकम में श्री रामलीला कमेटी के सरपरस्त किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ की गरिमामय उपस्थिति रही। रामलीला कमेटी ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक नें रामलीला मैदान पर 11 लाख के विकास कार्यों की घोषणा भी की। गणेश वंदना, राम वंदना एवं हनुमान वंदना के बाद प्रारम्भहुयी लीला के प्रथम दृश्य में रावण को भाई कुंभकर्ण के मारे जाने की सूचना मिलती है तो वह अपने पराकमी पुत्र मेघनाथ को युद्धभूमि में भेजता है। मेघनाद एवं लक्ष्मण के बीच युद्ध होता है। मेघनाद लक्ष्मण पद मायावी अस्त्रों का प्रयोग करता है लेकिन हनुमान साये की तरह उसके साथ रहकर मेघनाद के तमाम अस्त्रों को लक्ष्मण के पास पहुंचनें से पहले ही काटते जाते है। मेघनाद अपनें सेनापति आकंपन को हनुमान को लक्ष्मण से दूर ले जानें को कहता है। आंकपन हनुमान को युद्ध के लिये ललकारता है और हनुमान से युद्ध करते करते उन्हें लक्ष्मण से दूर ले जाता है। मेरे द्वारा अनेंकों अस्त्र चलाये जानें पर वह सब भी असफल हो गये। लक्ष्मण साक्षात शेषनाग का अवतार है। यह सुनकर रावण कहता है कि तुम भयभीत लग रहे हो, यह युद्ध रावण का है, इसे रावण ही लड़ लेगा। जाओ जाकर महलो में आराम करो। मेघनाद कहता है कि पुत्र के जीवित रहते करेई पिता युद्धभूमि में जाये तो यह पुत्र के लिये लानत है। माना कि लक्ष्मण शेषनाग का अवतार है लेकिन अब मेघनाद अपने पिता की आन बान के लिये युद्धभूमि में जायेगा। रावण अपने पुत्र मेघनाद को युद्धभूमि में भेजता है तो उसे विदायी देते समय दोनों की आंखें भर आती है। दरअसल दोनों को यह पता है कि इस युद्ध में मेघनाद का मारा जाना तय है। रावण बहुत भारी मन से अपने लाडले पुत्र को अपनी आंखों से दूर होते देखता रह जाता है। उसकी आंखों से झर-झर अश्रुधारा बहती रहती है। इधर युद्धभूमि में एकबार फिर लक्ष्मण मेघनाद युद्ध होता है। दोनों ही पराक्रमी योद्धा एक दूसरे पर हमला बोल देतें है लेकिन आखिरकार लक्ष्मण के हाथों मेघनाद मारा जाता है। राम की भूमिका में मनोज अरोरा, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव राज बेहड़, हनुमान जी की भूमिका में सुशील गाबा, रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी, मेघनाद की भूमिका में रमन अरोरा, विभीषण की भूमिका में सचिन आनन्द, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, तारा की भूमिका में, सुषेण वैद्य मनोज मुंजाल, सुग्रीव- मोहन अरोरा, अंगद कनव गंभीर, तारा सुमित आनन्द, सुलोचना संजीव आनन्द नें शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा एवं संदीप धीर नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्यवयक नरेश शर्मा, श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, बीना बेहड़, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजीव चावला, पूरन रावत, राजेश छाबड़ा, सुभाष खंडेलवाल, ओम प्रकाश अरोरा, देवीशंकर अग्रवाल टिल्लू, केवल कृष्ण बत्रा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला आशीष मिड्ढा, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, सुशील गाबा, चन्द्र सचदेवा, रवि बठला, संदीप धीर, कर्मचन्द राजदेव, पूर्वा बेहड़, अनीषा बेहड़, सौरभ राज बेहड़, शीतल गाबा, सानिया गंभीर, श्रीराम नाटक क्लब के अध्यक्ष विशाल भुड्डी, महामंत्री गौरव तनेजा, कोषाध्यक्ष सचिन मुंजाल, संरक्षक मोहन लाल भुड्डी, सरपरस्त हरीश सुखीजा, प्रेम खुराना, राम कृष्ण कन्नौजिया, संजीव आनन्द, गुरशरण बब्बर शरणी, निर्देशक (डायरेक्टर) गौरव राज बेहड़, मनोज मुंजाल, आशीष ग्रोवर आशू, अनिल तनेजा, मीडिया प्रभारी सुशील गाबा, सचिव राजकुमार कक्कड़, रमन अरोरा, मंच व्यवस्थापक मनोज अरोरा, सुभाष तनेजा, सचिन आनन्द, नरेश छाबड़ा, संजीव कामरा, सुशान्त चौहान, महेश गर्ग, विकास चोपड़ा, मनदीप अरोरा, राजकुमार नारंग, राजू साउंड वाले, आशमन अरोरा, कनव गंभीर, सन्नी, हैप्पी रंधावा आदि उपस्थित थे।

## विधायक शिव ने की 11 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

रूद्रपुर। विगत रात्रि की लीला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचें क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा नें रामलीला मैदान पर विकास कार्यों हेतु 11 लाख की धनराशि की घोषणा करते हुये कहा कि इस आधुनिक युग में भी अपनी परंपराओं को सहेजते हुये श्रीरामलीला कमेटी के तत्वाधान में श्रीरामलीला का मंचन पूरी मर्यादा, गरिमा, के साथ जिस प्रकार मंचित किया जा रहा है, वह सराहनीय है। श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों द्वारा एक माह से अधिक समयावधि तक अपने कारोबार, परिवार तथा निजी कार्यों को दरकिनार कर इस रामकार्य में पूरा वक्त देकर चंदा संग्रहण, स्टेज व्यवस्था, रिहर्सल आदि व्यवस्थाओं की नींव पर भव्य श्री रामलीला का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में जोड़े जा रहे नये बाल कलाकारों, नयी साज सज्जा को क्षेत्र



की जनता को अपनी जड़ों से जुड़नें की अनुभूति हो रही है। विधायक शिव अरोरा के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, भाजपा नेता मनोज मदान, मनोज छाबड़ा, राजेश कामरा, सोनू वर्मा, मनोज मित्तल, जितेन्द्र संधू, मयंक कक्कड़, मोहित कक्कड़, डिंपी चोपड़ा, आदि मौजूद थे।

## रावण और मेघनाथ की अंतिम मुलाकात ने किया भावुक

रूद्रपुर। मेघराथ और रावण की अंतिम मुलाकात का दृश्य एक बार फिर संजीव हो गया । रावण का किरदार निभा रहे विशाल भुड्डी तथा मेघनाथ का किरदार निभा रहे रमन अरोड़ा दोनो ने पूरा किरदार बहुत शानदार तरीके से निभा डाला। मंचन इतना सजीव था की मानों आंखों के सामने ही सब कुछ घटित हो रहा है। मेघनाथ भी जानता था यह उसके पिता रावण से मुलाकात है और रावण को भी सच का पता था कि वह सबसे प्रिय पुत्र मेघनाथ को कभी नहीं देख पाएगा। मेघनाथ जब विदाई लेकर पर्दे से निकलता है। रावण का किरदार निभा रहे विशाल भुड्डी वहीं गिर कर जोर-जोर से रोने लगते हैं। श्री राम नाटक क्लब के गौरव तनेजा, गुरशरण बब्बर शरनी और बहुत से कलाकार आकर उनको उठाकर ढांढस बंधाते हैं तो बहुत देर बाद वह सामान्य हो पाते हैं।



## महिलाओं ने खेली सिंदूर की होली

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। दशमी पूजा के साथ शक्ति की देवी मां दुर्गा का दर्पण विसर्जन किया गया। पांच दिवसीय दुर्गा पूजा कार्यक्रम के अंतिम दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां को सिंदूर लगाकर शंख और मंगल ध्वनि के बीच विदाई देकर और मंगल ध्वनि के बीच मां घोड़े पर ही सवार होकर कैलाश को रवाना हो गई। इस मौके पर महिलाओं ने सिंदूर की होली भी खेली। वहीं बुधवार देर रात्रि दुर्गा पूजा मंच पर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के छाउ टीम ने महिषासुर मर्दिनी का मंचन विश्वास, डा सोनू विश्वास,अगीत कुमार, संजीव हालदार, परीक्षित कुमार, प्रतिक साहा, हरिदास मंडल, रीता गाईन, श्रुति राय, लक्ष्मी सरकार, प्रभा राय, सुनीता मिस्त्री,मीना राय, मीना मंडल, आर्नंदिता सरकार, सविता राय, अनुकूल राय,



कैलाश के लिए रवाना किया।कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को नगर स्थित मुख्य मंदिर में पूजा अर्चना हुई। मुख्य पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा संपन्न कराई। इसके बाद मंदिर की सप्त परिक्रमा की गई। मां दुर्गा का दर्पण विसर्जन किया गया। महिलाओं ने महामाई को सिंदूर लगाकर मन्नतें मांगी और सुख समृद्धि की कामना की। शंख कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष रोहित मंडल, गोविंद मंडल, सुकुमार सरकार,विशु राय, दीपांकर राय, विकास सरकार,अमल राय, पैरी मोहन, उत्तम विश्वास, अर्जुन कुमार, आनंद मडंल, सत्य प्रकाश सिंह, विसंबर बैरागी,सविता बैरागी, उत्तम विशवास,राजु गाईन, रवि चौहान, रवि सरकार,डा दीपंकर मंडल, अरुण ऋतुराज राय, मयंक अग्रवाल, सुदर्शन विश्वास, सुजय मंडल, जगन्नाथ सरकार, राहुल कनौजिया, शुभम गाईन, तपन सरकार, सुभाष मंडल, सौरभ मलंगी, मृणाल मंडल, विशाल मंडल, सदानंद वाला, मिथुन बैरागी, दिलीप मंडल, विश्वजीत सरकार, मृदुल अधिकारी, हरे कृष्णा सरकार आशीष राय सुमित जोददार समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दशहरे पर क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र पूजन

किच्छा(उद संवाददाता)। विजयदशमी के पावन पर्व पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता संजीव सिंह के कार्यालय परिसर में सम्पन्न चौहान ने अपने संबोधन में दशहरे के पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। शस्त्र पूजन का यह कार्यक्रम हमारे पराक्रम, साहस और सांस्कृतिक परंपराओं गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम का समापन कोकाशी नाथ चौबे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह, जिला कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर पाल सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा



हुआ। कार्यक्रम में संघ के कार्यवाहक समर पाल सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम देवी देवताओं का आह्वान कर देव वंदना एवं देवी पूजा सम्पन्न की गई। इसके पश्चात पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मां दुर्गा एवं भगवान श्रीराम से देश और समाज की उन्नति, समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। मुख्य अतिथि समर पाल सिंह को संजोने का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सदैव सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलें। इस अवसर पर संजीव सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शस्त्र पूजन केवल आडंबर नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, जो हमें अपने गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है।कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय कार्यकर्ता दिनेश भाटिया, विवेक राय, विनय राय, नवीन सिंह, भगवान सिंह एडवोकेट, आशीष कुमार सिंह, जिला मंत्री युवा मोर्चा विशाल चौहान, धनंजय सिंह, अनिल सिंह, अमित सिंह, निर्भय सिंह, शंकर मिश्रा, ओपी पांडे, नितेश सिंह लकी, महिला मोर्चा से लता सिंह प्रेम लता, चौहान, कविता मान, माधुरी बिसेन, विमल गंगवार, दया डसीला, सुनीता गंगवार आदि मौजूद रहे।

# बेहड़ ने की अग्रसेन पार्क सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख की घोषणा

किच्छा(उद संवाददाता)। अग्रसेन जयंती के अवसर पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने बरेली रोड स्थित अग्रसेन पार्क पहुंचकर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह और अग्रवाल समाज को अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई दी।विधायक बेहड़ ने कहा कि "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" का संदेश देने वाले युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जी का जीवन दर्शन आज भी सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन का योगदान सभ्य, सशक्त और समरस समाज के निर्माण में युगों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा।इस मौके पर विधायक बेहड़ ने अग्रसेन पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में विधायक निधि से 10 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पूर्व में जब वे रुद्रपुर से विधायक थे, उस समय भी रुद्रपुर में महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट की स्थापना के लिए लगभग 1 करोड़ रुपये की



सहायता दी गई थी। उस राशि से ट्रस्ट के लिए उपकरण आदि खरीदे गए थे, जिससे आज समाज के जरूरतमंदों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने रुद्रपुर में अग्रसेन चौक की स्थापना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि किच्छा में भी इसी सोच के साथ अब विकास कार्य किए जाएंगे।बेहड़ ने कहा कि महापुरुषों के सिद्धांतों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा देना हमारा सामाजिक दायित्व है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि भविष्य में और निधि की आवश्यकता होगी तो वह भी उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के विभिन्न गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामअवतार अग्रवाल (महामंत्री, अग्रवाल सभा किच्छा), विकेश सिंघल (कोषाध्यक्ष), उमेश अग्रवाल (अध्यक्ष, युवा अग्रवाल सभा), अंकुर अग्रवाल (उपाध्यक्ष), किशन गोयल, महादेव अग्रवाल, गिरधारी गोयल, मनोज गोयल, प्रकाश गोयल, संगीता गोयल, सचिन जिंदल, दिनेश मित्तल, हनुमान अग्रवाल, शिव कुमार मित्तल, जितेंद्र अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संजय जिंदल, संजय मित्तल, राजू जिंदल, ओम अग्रवाल, सनी अग्रवाल, दर्शन कोली, भूपेंद्र चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, ओम प्रकाश दुआ, राम बाबू, सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी, संतोष ठाकुर समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता शपथ में रिकार्ड स्थापित करने पर नगर निगम सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वच्छता ही सेवा है 2025 के अंतर्गत 25 सितम्बर 2025 को स्वच्छता शपथ में रिकॉर्ड स्थापित किए जाने पर हल्द्वानी नगर निगम को बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा देहरादून निदेशालय के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। महापौर गजराज बिष्ट एवं नगर आयुक्त ऋचा शर्मा ने इसके लिए हल्द्वानी नगर निगम के सभी विभागों, विभिन्न स्कूलो



व सभी पार्षदगणों, सेना बल, स्वयं सहायता समूह,पर्यावरण मित्रों, स्वास्थ्य कर्मियों, बैनी सेना तथा समस्त मीडिया बंधुओं एवं सभी जन मानस को जिन्होंने स्वच्छता शपथ रिकॉर्ड बनाने में नगर निगम हल्द्वानी का सहयोग किया है को हार्दिक धन्यवाद प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि सभी के साथ एवं सहयोग से हल्द्वानी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# विधायक अरोरा ने संजय नगर खेड़ा में प्याऊ का किया शुभारंभ

रुद्रपुर। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने संजय नगर खेड़ा में विधायक निधि से स्थापित पीने के पानी के प्याऊ का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह प्याऊ राहगीरों, बाजार आने-जाने वालों और स्थानीय निवासियों को शुद्ध व ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन अवसर पर प्याऊ को जनता को समर्पित करते हुए विधायक ने कहा कि यह कार्य मानव सेवा की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। इससे पूर्व विधायक अरोरा द्वारा ट्रांजिट कैंप थाना परिसर और डीडी चौक पर भी प्याऊ स्थापित कराए जा चुके हैं। संजय नगर खेड़ा में प्याऊ लगने से आस-पास की मार्केट, सब्जी मंडी और आने-जाने वालों को विशेष राहत



मिलेगी। विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में सड़क पर चलने वाले लोगों को पीने के पानी की भारी दिक्कत होती है। ऐसी स्थिति में प्रमुख स्थानों पर प्याऊ लगवाना आमजन की मूलभूत जरूरत को पूरा करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि सड़क और नाली निर्माण कार्य तो लगातार होते रहते हैं, लेकिन आमजन को पीने का पानी उपलब्ध कराना एक मानवीय जिम्मेदारी है जिसे प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में अन्य स्थानों पर भी जरूरत के अनुसार प्याऊ लगाए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेश कोली, रोबिन विश्वास, शिव कुमार राय, गोपाल विश्वास, अखिल विश्वास, नंदगोपाल, सपन, भजन राय, राहुल सरकार, तारक हलदार, सपन मंडल, प्रदीप राय सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# रक्तदान दिवस पर चुघ को मिला सम्मान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय एवं सरकारी ब्लड बैंक रुद्रपुर-उधम सिंह नगर की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे श्री गुरु रामदास सेवा ट्रस्ट के संस्थापक हरविंदर सिंह चुघ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक तथा ब्लड बैंक के प्रमुख डॉक्टर जितेंद्र बेलवाल ने संयुक्त रूप से हरविंदर सिंह चुघ को सम्मान पत्र



एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पवित्र कार्य में समाज को जोड़ने और जरूरतमंदों की मदद करने में श्री गुरु रामदास सेवा ट्रस्ट की भूमिका सराहनीय है। सम्मान ग्रहण करते हुए हरविंदर सिंह चुघ ने ब्लड बैंक और चिकित्सालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य हमेशा से ही मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करना रहा है। भविष्य में भी संस्था और अधिक सक्रियता से रक्तदान शिविरों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इस अवसर पर कई चिकित्सक, ब्लड बैंक स्टाफ और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। माहौल उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित लोगों ने रक्तदान को जीवनदान की संज्ञा देते हुए अधिक से अधिक युवाओं को इस दिशा में आगे आने का आह्वान किया।


# संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान


दिनेशपुर । संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति ने सुनसान इलाके में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । जिसके बाद मौके पर पहुंचे स्वजनों ने बताया गृह क्लेश के चलते मृतक दो दिनों से घर से लापता था । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मौत से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है । उनका रो रोकर बुरा हाल है । बुधवार को निकटवर्ती गांव सुंदरपुर में उस समय हड़कंप मच गया । जब नदी किनारे स्तिथ एक शीशम के पेड़ से व्यक्ति झूलता मिला । जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी । इस दौरान मृतक की शिनाख्त निकटवर्ती कुन्दननगर गांव निवासी संजीव चावला (40)पुत्र लाल चंद्र के रूप में हुई । मौके पर पहुंचे स्वजनों ने बताया सोमवार को घरेलू कलह के चलते वह घर से चला गया । जिसके बाद उसे खोजने का प्रयास किया गया । वह नही मिला । लोगों की सूचना पर पहुंची दिनेशपुर थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मृतक मेहनत मजदूरी करता था । उसके घर मे मां , पत्नी व दो बच्चे रहते हैं । घटना के बाद से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है । उनका रो रोकर बुरा हाल है ।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कुंभकरण एवं मेघनाद का हुआ वध





रूद्रपुर। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के तेहरवें दिन प्रभु श्री राम जी की लीला का शुभारंभ समाजसेवी एवं उद्योगपति सुरेश ढींगरा "बाबू" द्वारा विधिवत रूप से पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुरेशकुंभकरण एवं मेघनाद का हुआ वध ढींगरा ने प्रभु श्री रामलीला के मचान हेतु श्री शिव नाटक क्लब को बधाई प्रेषित की एवं हार्दिक शुभकामनाएँ दी, उन्होने सभी राम भक्तों से प्रभु श्री राम जी के आदर्शों पर चलने का आव्हावान किया, उन्होने सभी पात्रों से मर्यादा में रहकर अभिनय करने की अपील की । श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि सुरेश ढींगरा का अंग वस्त्र पहनाकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । रामलीला के मंचन में कुंभकरण वध,मेधनाद का अभिनन्दन, सुलोचना से संवाद, रावण से अंतिम विदाई और मेघनाद वध तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें रावण की भूमिका अतुल बांगा,मेघनाद राघव शर्मा , कुंभकरण पुष्कर नागपाल, राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रवि कक्कड़, सुग्रीव अभिनव अनेजा ,हनुमान सन्नी कक्कड़, विभीषण विशाल गुंबर,मंत्री की भूमिका पंकज कालरा ने निभाई, मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया। विजय दशमी का पावन पर्व रामलीला ग्राउंड इंद्रा कॉलोनी में मनाया जाएगा जिसमें रावण मेघनाद एवं कुंभकरण के पुतलों का दहन होगा उपरांत प्रभु श्री राम का राजतिलक एवं प्रशाद वितरण किया जाएगा।



राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम
उधम सिंह नगर
जरागौर से देखिए–
♦ चमड़ी पर लाल–तामियों रंग के दाग धब्बे हैं ।
♦ चमड़ी पर तेलिया चमक दिखती है।
♦ हाथ–पैरों में सुन्नपन–सूखापन है ।
तो यह कुष्ठ रोग हो सकता है, कृप्या अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जॉच करायें।
NLEP
कुष्ठरोग एम०डी०टी० दवा से पूर्णतया ठीक हो जाता है ।
सभी सरकारी अस्पतालों स्वास्थ्य केन्द्रों में जॉच उपचार बिल्कुल मुफ्त
'चमड़ीपर के दाग दिखायें हर धब्बे की जाँच करायें नहीं डरें, उपचार करें, एम०डी०टी० से कुष्ठ हरें'
'आओ एक विश्वास जगायें सब मिल कर सबको समझायें नई दवायें नई आशायें निश्चित जल्दी कुष्ठ मिटायें'
(डा० के० के० अग्रवाल)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उधम सिंह नगर ।
(श्री नितिन सिंह भदौरिया)
जिला अधिकारी,
उधम सिंह नगर ।
सौजन्य से: जिला कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, उधम सिंह नगर
पत्रांक: एन0एच9एम0/प्रचार/25-26/5545
दिनांक 30.09.2025

उत्तराखण्ड शासन

समस्त प्रदेशवासियों को

विजयादशमी

की

हार्दिक बधाई

एवं शुभकामनाएँ

प्रिय प्रदेशवासियों,

आप सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें एक श्रेष्ठ समाज और महान राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। आपके मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा ही मेरे लिए प्रभु श्रीराम की सेवा है और उत्तराखण्ड का विकास ही मेरे लिए राम काज है।

आइए, आज के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# गाजा में युद्धविराम का प्रस्ताव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से गाजा में युद्धविराम के लिए जो बीस सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया गया है, वह निश्चित रूप से शांति की राह पर लौटने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इजराइल और फिलिस्तीन समेत कई देशों ने इस पहल का स्वागत किया है, जिनमें आठ अरब देश तथा भारत, चीन, रूस और पाकिस्तान भी शामिल हैं। साफ है कि ज्यादातर देश गाजा में शांति के समर्थक हैं। मगर क्या हमास भी इस प्रस्ताव को स्वीकार करेगा? यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि हमास की ओर से अभी तक कोई उत्साहजनक प्रतिक्रिया नहीं आई है।इस संगठन का कहना है कि वह प्रस्ताव की शर्तों का गहन अध्ययन करने के बाद ही अपना रुख स्पष्ट करेगा। दूसरी ओर इजराइल ने भी भले ही इस प्रस्ताव पर प्रथम दृष्टया सहमति जताई हो, लेकिन इसमें कई शर्तें ऐसी हैं, जिनके दूरगामी प्रभाव को देखते हुए इजराइल अपने मौजूदा रुख में बदलाव करने पर विचार कर सकता है। यानी शांति योजना सिरे चढ़ पाएगी या नहीं, अभी इस संबंध में कोई भी कयास लगाना जल्दबाजी होगी।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से वाइट हाउस में मुलाकात के बाद शांति समझौते का यह प्रस्ताव सार्वजनिक किया है। इससे पहले नेतन्याहू ने अमीरात में हमास से जुड़े लोगों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य हमले के लिए कतर के प्रधानमंत्री से माफी मांगी थी। इस प्रस्ताव की शर्तों में कहा गया है कि समझौता होने के बहत्तर घंटे के भीतर दोनों ओर से बंधकों और कैदियों को रिहा कर दिया जाएगा। गाजा का प्रशासन एक अस्थायी, तकनीकी और गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति को सौंपा जाएगा, जिसकी निगरानी राष्ट्रपति ट्रंप की अध्यक्षता वाला 'बोर्ड आफ पीस' करेगा। यानी प्रकारांतर से इस प्रशासन की लगाम अमेरिका के हाथों में रहेगी। हमास और इजराइल की इसमें कोई भागीदारी नहीं होगी। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि इजराइल और हमास इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ेंगे और गाजा में फिर से शांति कायम होगी, क्योंकि इस युद्ध के दौरान अब तक छियासठ हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी के उस संदेश को फिर से रिपोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के गाजा शांति प्लान का समर्थन किया था। बता दें कि मंगलवार को पीएम मोदी ने ट्रम्प की श्गाजा संघर्ष समाप्त करने की व्यापक योजनाश का समर्थन किया था। प्रधानमंत्री ने अपने एक एकाउंट पर लिखा था कि यह फिलिस्तीनी और इजरायली दोनों देशों के लोगों के लिए दीर्घकालिक और टिकाऊ शांति का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करता है।

# अज कृपा होई महारानी दी अम्बे रानी दी

रूद्रपुर। श्री दुर्गा मंदिर में पावन नवरात्रि के नौवें दिवस पर मां भगवती के अर्द्धरात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित भजन गायक कलाकारों ने मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमानों बलदेव राज बाम्बा, बलविन्दर बाम्बा, अकीब बाम्बा, मुकुल बाम्बा, एकता बाम्बा, आरती बाम्बा परिवार के साथ मां की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात राकेश चिलाना हैप्पी व नमन वर्मा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वन्दना के बाद फूलों की वर्षा के भजन गाये। तत्पश्चात काशीपुर से आये भजन गायक गुलजार सिंह ने स्वर से स्वर के तार मिलादे मां शारदे, अज कृपा होई महारानी दी अम्बे रानी दी, अज आ गई जगराते वाली रात ढोंलिया ढोल बजा, अज खुशियां हैं बेड़े तेरे करके असी मारदे हां गेड़े तेरे करके, मेला मैया दा आंवदा है हर साल , मेला मैया जी दा आया अज दीदार कर लो, मैं तेरे बिन रह नहीं सकदा मां बिछोड़ा सह नहीं सकदा मां, तेरी निवी निवी लौ पुजारियां ने बुआ खोलया, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है आदि



भजन गाकर मां की महिमा का गुण गान किया। इस दौरान सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, जुगनू, कृष्ण मुरारी धीर, पवन गाबा, श्वेता गाबा, मुदित गाबा, अंजू ठक्कर, मंजू बाम्बा, आशा गाबा, मंजू बब्बर, वेद ठुकराल, श्याम मदान,कन्हैया लाल, कमल चिलाना, राजकुमार जिंदल, कुसुम जग्गा, अंजनी मिश्रा, आरके वर्मा, सुमन लता, सुमन जग्गा, रजनी नारंग, सुमन मदान, वर्षा अरोरा, गीता गुप्ता, आंचल यादव, इन्द्रा यादव, सोनिया छावड़ा, निखिल गोपाल, प्रिया ठुकराल, अनूप जुनेजा, सुरेश पुंशी, मान्या गुलाटी, तन्वी गुलाटी, पलक मिड्डा, पवन अग्रवाल, दुर्गा गुप्ता, सविता गोयल, स्वाति गोयल, मंजू गाबा, कनिका, मीरा, कविता, धर्मेन्द्र, पुलकित गाबा, विकास गाबा, अजय चावला, सुदेश पुंशी, प्रीतम सिंह पोपली, कृष्ण चन्द्र भट्ट, अंकित बाम्बा, राजीव सचदेवा, सतीश नारंग, पिंकी गोस्वामी, वर्षा अरोरा, रिद्धिमा गुप्ता आदि भक्तजन मौजूद थे।

# विधायक निधि से ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड संख्या 17 के खेड़ा क्षेत्र में स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर परिसर में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर व 11 हजार वोल्ट की लाइन को शिफ्ट करने की वर्षों पुरानी मांग को विधायक शिव अरोरा ने पूरा कर दिया है। बुधवार को उन्होंने विधायक निधि से प्रस्तावित ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। संतोषी माता मंदिर परिसर में रावण दहन, छठ पूजा सहित अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते रहते हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही को देखते हुए परिसर में लगा ट्रांसफार्मर व उच्च क्षमता की विद्युत लाइन खतरे का कारण बनी हुई थी। पूर्व



में करंट लगने की घटनाएं भी सामने आई थीं। स्थानीय नागरिकों एवं मंदिर कमेटी की ओर से लंबे समय से इसे शिफ्ट करने की मांग की जा रही थी। विधायक शिव अरोरा ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाइन को मंदिर परिसर से बाहर सड़क किनारे स्थानांतरित कराने का निर्णय लिया। कार्य के शुभारंभ अवसर पर विधायक ने कहा कि संतोषी माता मंदिर क्षेत्र धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अब आयोजन सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सकेंगे और लोगों को इस पुराने संकट से राहत मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों और मंदिर समिति ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पिंटू पाल, संतोष पाल, पार्षद शालू पाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, जीतेंद्र संधू, रामजीवन, ईश्वर यादव, टिकरी यादव, रवि चौहान, जगरनाथ, दिनयाल, राजू चौहान, गौरव पाल, नवीन यादव, कुलदीप शर्मा, ओम प्रकाश, सोनू मंडल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भूतबंगला की रामलीला में कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन

रुद्रपुर। किच्छा रोड स्थित भूत बंगला के रामलीला मंच पर श्री राम हनुमान देवी जागरण मंडल द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के दसवें दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ठुकराल के अलावा विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी संजय ठुकराल को भी मंच पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रामलीला के दौरान कलाकारों ने श्रीराम के जीवन से जुड़े विविध प्रसंगों का सजीव मंचन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भावनात्मक संवादों और जीवंत अभिनय ने उपस्थित दर्शकों



को भावविभोर कर दिया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, संस्कार और मर्यादा का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, कर्तव्य और आदर्श का मार्ग दिखाता है। इस मौके पर संजय ठुकराल, आनंद शर्मा, राजू गुप्ता, ललित बिष्ट, गगन ग्रोवर, अमर कोली, आकाश बठला, रूद्रा, विनोद वर्मा (अध्यक्ष), रवि गुप्ता (महामंत्री), विपिन शर्मा, राम किशोर रस्तोगी, विनोद मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव, कमल सेनी, राजकुमार शर्मा, गिरीश श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, संतोष दिवाकर, अजय गुप्ता, ओपी आर्या, राजेश हाल्दार, विष्णु दत्त, सुशील आर्या, धर्मदास पाल, जितेंद्र पाल, मुकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र चंद्रा, निशु भटनागर, रवि भारती, राहुल मिश्रा, रूप किशोर, हरपाल सिंह, आरपी सिंह, अंकित चंद्रा, परमेश कोली, नंद किशोर गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रावण-मंदोदरी संवाद से लेकर राम-रावण युद्ध तक की लीला का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिव मंदिर रामलीला कमेटी द्वारा बुधवार रात्रि आयोजित रामलीला मंचन में रामायण के विविध प्रसंगों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से वीरता, करुणा और त्याग की गाथा को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत रावण-मंदोदरी संवाद से हुई, जिसमें मिक्की भगत द्वारा रावण की भूमिका और कुनाल कश्यप द्वारा मंदोदरी की करुण पुकार को दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद अंगद की वापसी का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें शुभम गगनेजा (श्री राम), यश कालड़ा (लक्ष्मण), वासु बजाज (अंगद), राजवीर सिंह (जामवंत), ध्रुव चावला (सुग्रीव) एवं विजय कालड़ा (हनुमान जी) ने भावपूर्ण अभिनय से दृश्य को जीवंत कर दिया। लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग में यश कालड़ा (लक्ष्मण), कुनाल ग्रोवर (मेघनाथ) और प्रियांशु गुप्ता (सुषेण वैद) के अभिनय ने दर्शकों को भावुक कर दिया। श्री राम की पीड़ा को शुभम गगनेजा ने प्रभावशाली रूप से मंच पर प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मेघनाथ वध, कुंभकरण वध एवं राम-रावण युद्ध का भव्य मंचन हुआ। कुनाल ग्रोवर (मेघनाथ), करन रस्तोगी (कुंभकरण), मिक्की भगत (रावण) और शुभम गगनेजा (श्री राम) ने अपने संवादों और युद्ध अभ्यास से पूरे वातावरण को राममय कर दिया। जय श्री राम के नारों से रामलीला मैदान गूंज उठा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर एवं प्रीत ग्रोवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में अरोड़ा ने जानकारी दी कि गुरुवार शाम 4:00 बजे भव्य राम-रावण युद्ध एवं रावण दहन का आयोजन होगा, जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होने का आह्वान किया गया। मंच संचालन जसपाल डोगरा और ज्योति अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम में अजय खुराना, चिराग छाबड़ा, केतन ग्रोवर, शक्षम पोपली, गिम्पी ग्रोवर, कार्तिक घीक, हितेश पोपली, मोहित, सोनू गुप्ता, कविश वाधवा सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।





# लक्ष्मण मूर्छा से लेकर राम-रावण युद्ध तक के दृश्यों ने बांधा समां

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी द्वारा आयोजित द्वादश दिवस का मंचन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। लक्ष्मण मूर्छा, मेघनाद वध, कुंभकरण वध और राम-रावण युद्ध जैसे दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावपूर्ण संवादों और प्रभावशाली अभिनय से कलाकारों ने रामकथा के इन महत्त्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत कर दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र बजाज ने की, जबकि महामंत्री अशोक धीर और कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा मंच पर उपस्थित रहे। रामलीला का निर्देशन सिद्धार्थ भुसरी ने किया और मंच संचालन का दायित्व सोमनाथ छाबड़ा, आदित्य सुखीजा एवं राजेश अग्रवाल ने निभाया।





श्री राम की भूमिका में रोहित पोपली, लक्ष्मण के रूप में कशिश खुराना, हनुमान की भूमिका में साहिल सुधा, रावण के रूप में अमन गाबा, कुंभकरण के रूप में प्रवीण गिल्होत्रा, मेघनाद के रूप में अविश अरोरा, सुग्रीव के रूप में मुनि भुसरी, अंगद के रूप में शौर्य भुड्डी, जामवंत के रूप में गोविन्द तथा विभीषण की भूमिका में दीपक छाबड़ा ने मंच पर जीवंतता भर दी। विशेष रूप से लक्ष्मण मूर्छा और कुंभकरण वध के दृश्यों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे और श्यामलाल सुखीजा उपस्थित रहे। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने मंच पर अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।रविंद्र बजाज ने घोषणा की कि राम-रावण युद्ध की शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर राजकीय इंटर कॉलेज तक जाएगी, जहां भव्य दशहरा महोत्सव आयोजित होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में रजत हुड़िया, किशन लाल गाबा, शिवम् त्रिपाठी, विजय छाबड़ा, सुभाष खुराना, सतीश छाबड़ा, अशोक पोपली, मुलख राज अरोरा, विजय सुखीजा, धीरज एशपूजनी, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, निर्मल नारंग, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला, पारस धवन, प्रवीण गगनेजा, सागर अनेजा, राजू कुमार, मुनि भुसरी, सुधीर भुसरी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का किया पर्दाफाश

## 22 तोला सोना सहित दो शातिर चोर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने मुखानी और लालकुआं क्षेत्रों में हुई चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लगभग 22 तोला कीमती सोने के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। गौरतलब बात तो यह है कि आरोपी ने घटनाओं को अंजाम देने के बाद रामपुर में पुलिस के आगे एक पुराने मामले में आत्मसमर्पण कर दिया। मामले का पर्दाफाश करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि मामला तब उजागर हुआ जब वादी मनोज पाठक, निवासी इंदिरा कॉलोनी, मेहरा गांव ने थाना मुखानी में शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने के जेवरात और 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए हैं। इस पर मामला दर्ज कर जांच अधिकारी मनोज अधिकारी को सौंपी गई।घटना की गंभीरता को समझते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश जारी






किए। इसके बाद एसपी सिटी हल्द्वानी की देखरेख में सीओ हल्द्वानी, प्रभारी निरीक्षक लालकुआं और थानाध्यक्ष मुखानी की टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के साथ-साथ मुखबिरों की मदद से पता लगाया कि वही चोर दोनों क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में संलिप्त हैं। इसी आधार पुलिस ने संदिग्ध चोरों को काली मंदिर पुल, गदरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों ने अपना नाम पता आबिद हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी और राजवीर सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी डोंग पुरी, थाना गदरपुर, उधम सिंह नगर बताया। तलाशी लेने पर आबिद के कब्जे से दो पीली धातु के झुमके व एक पेंडल तथा राजवीर के पास से एक पीली धातु की गले की चेन बरामद हुई। दोनों ने स्वीकार किया कि वे नशे के आदी हैं और चोरी किए गए माल को स्मैक खरीदने में इस्तेमाल करना चाहते थे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने हल्द्वानी, हल्दूचौड़ और लालकुआं के कई बंद घरों में ताला तोड़ चोरी की वारदातें अंजाम दी हैं। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर काली मंदिर के पास पुल के नीचे पिलर के नीचे छुपाए हुए शेष चोरी का माल भी बरामद किया। थाना मुखानी निवासी मनोज पाठक के घर से चोरी किए हार, मंगलसूत्र, नथ, कंगन, झुमके, मांगटीका, पायल आदि कुल 14 तोला तथा थाना लालकुआ के हल्दूचौड़ चौकी क्षेत्र के ग्राम गोपीपुरम निवासी नितेश वर्मा के घर से चोरी किए हार, ब्रेसलेट, रानी हार, नथ, चेन आदि कुल 8 तोला जेवर बरामद किए। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी आबिद हुसैन के विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हल्द्वानी कोतवाली में चोरी और तोड़फोड़ के मुकदमे शामिल हैं। पुलिस अन्य जिलों और राज्यों में उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक दिनेश जोशी, मनोज अधिकारी, फिरोज आलम, सोमेंद्र सिंह, राजेश जोशी (एसओजी), हेड कांस्टेबल त्रिलोक, सीसीटीवी प्रभारी इसरार नबी समेत कई पुलिस कर्मी शामिल थे। एसएसपी ने टीम के इस सराहनीय काम के लिए उन्हें 2,500 रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी-शास्त्री जयंती मनाई

किच्छा। नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित उनकी प्रतिमाओं एवं चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के तहत वर्तमान विधायक तिलकराज बेहड़ ने आवास विकास स्थित गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा शास्त्री जी के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया, वहीं शास्त्री जी ने अपने संकल्प और ईमानदारी से देश को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में गांधी-शास्त्री के विचार पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं और समाज को इन्हें अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में विशाल स्तर पर सफाई अभियान भी चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गलियों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रमदान किया। विधायक बेहड़ ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि आम जनता का भी कर्तव्य है। सभी को अपने-अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को



संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि गांधी और शास्त्री दोनों ही महान विभूतियां समाज में सादगी, ईमानदारी और समर्पण के प्रतीक थे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हर नागरिक को देशहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी वरिष्ठ कांग्रेसी करता राजेंद्र प्रताप सिंह ओमप्रकाश पप्पू जीवन जोशी नि वर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली किन्नू शुक्ला वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता एन यू खान कांग्रेस महिला नेत्री सुनीता कश्यप राजकुमार बजाज गुलशन सिंधी ठाकुर अभय सिंह उर्फ रामबाबू सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड में श्रद्धा के साथ मनाई गई गांधी जयंती

रुद्रपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विकास खंड रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। सभागार में आयोजित जयंती समारोह का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चलाए गए स्वच्छता अभियान की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। स्वच्छता कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ग्राम प्रधान विनीत सिंह सोलंकी, दीपक गिरी गोस्वामी, गौसिया रहमान, एडवोकेट नाजिया खान एवं महिला स्वयं सहायता समूह की निशा आर्य दीपिका कौर एवं रेनू को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा भविष्य में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनका जीवन सत्य, अहिंसा, आत्मनिर्भरता और सेवा भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है और ग्राम प्रधानों एवं महिला



समूहों ने जिस तरह से अपने-अपने क्षेत्रों में योगदान दिया है, वह सराहनीय है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों को ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम में स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी आशीत आनंद, सहायक खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार पंत, जिला होम्योपैथिक अधिकारी हरिश्चंद्र जोशी, प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सुमित वर्मा, भास्कर धामी, पूजा सिंह, शशांक जौहरी, बब्बन कुमार, मीरा पासवान, शोभन सिंह पटवाल, दीपिका, बरखा जोशी, कीर्ति कुमार मेलकानी, शिवकुमार यादव, बिजेंदर यादव, अमरनाथ समेत, विकास खंड रुद्रपुर के अधिकारीगण, विभिन्न ग्राम प्रधान, महिला समूह की प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**जयंती पर गांधी जी ....**इन महान विभूतियों के विचारों और आदर्शों से सीख लेकर विकसित एवं विश्व गुरु भारत के निर्माण की दिशा में सतत प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, वित्त नियंत्रक श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव एवं राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे। **रूद्रपुर**– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती जनपद में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किये। अपर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को महापुरूषों की जयंती एवं विजय दशमी की बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हम लोगों को माहा पुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिए और जो राह महापुरूषों ने दिखाई है उस पर सभी को चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि गांधी जी सत्य, अहिंसा के अपने विचारों व व्यवहार से पूरे विश्व के लिये प्रेरणा श्रोत है। उन्होने कहा कि जब तक सृष्टि रहेगी तब तक गांधी व शास्त्री जी के विचार सभी के लिये अनुकरणीय रहेंगे। उन्होने कहा कि हमेशा सच के साथ चलना चाहिए व मन और वाणी को हमेशा सकारात्मक रखना चाहिए। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी जी ने इस देश में अनेकता में एकता की भावना को बड़े ही सहज ढंग से हम सब के सामने प्रदर्शित किया है। इस देश की जो सामाजिक कुरितियां थी उसको राष्ट्रपिता ने बडे़ ही धैर्य से समझ कर उसका निराकरण किया। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी ने इस देश को एकजुट बनाने के लिए सबको साथ ले के चलने के लिए उन्होने अभूतपूर्व प्रयास किया। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्म पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करना चाहिए क्योंकि कर्म ही पूजा है। उन्होने कहा कि हम सबको समाज में खड़े अन्तिम व्यक्ति को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मिलकर प्रयास करना होगा तभी समाज का समग्र विकास सम्भव है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि देश के दुसरे प्रधानमंत्री स्व0 श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने हमारे देश को जय जवान, जय किसान का जो नारा दिया वह अपने आप में देश के समग्र विकास की गाथा कहता है। उन्होने कहा कि जब देश का युवा आगे बढ़ेगा और देश के किसान खुशहाल होंगे तो वह देश निश्चित ही विकास की नई गाथा लिखेगा। उन्होने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल आदि के माध्यम से अपने जीवन को आगे ले जाना चाहिए तभी हमारा देश आगे बढ़ सकता है।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि महापुरूषों के जीवन शैली से प्रेरणा लेकर अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने का प्रयास करना चाहिये। उन्होने कहा कि यदि कोई भी कार्य टीम भावना से किया जाये तो अवश्य ही सफलता मिलती है। उन्होने कहा कि हमें अपने दायित्वो का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करना चाहिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर तहसीलदार दिनेश कुटौला, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द तिवारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गणेश आर्या, देव प्रकाश चक्रवर्ती सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित थे।।

**दशहरा मेले की तैयारियों पर ...**कारण गांधी पार्क के मैदान में पानी भर गया, जिससे स्टेज, साउंड, और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था भी प्रभावित हो गई। आयोजकों ने बताया कि बरसात की आशंका पहले से थी, लेकिन इतनी तेज बारिश की उम्मीद नहीं थी। पानी भरने से आयोजन स्थल की सफाई और तकनीकी व्यवस्थाओं में भी बाधा आई है। करीब एक घंटे तक हल्की से तेज बारिश के बीच जब मौसम खुला तो आयोजकों और श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। लेकिन पुतलों की स्थिति और ग्राउंड की हालत को लेकर चिंता बनी हुई थी समाचार लिखे जाने तक मौसम पूरी तरह साफ नहीं हुआ था और बादल छाए हुए थे। बारिश के बावजूद लोगों में दशहरा को लेकर उत्साह बना हुआ है। आयोजकों का कहना है कि पुतलों को दोबारा खड़ा कर जलाया जायेगा। बहरहाल प्रदेश भर में चल रही रामलीलाओं में भी बारिश ने खलल डाला है। भारी बारिश के बीच एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि अगर मौसम ने साथ नहीं दिया, तो रावण दहन का कार्यक्रम स्थगित या संक्षिप्त रूप में करना पड़ सकता है। फिल्हाल विजयदशमी की तैयारियों को बारिश ने जरूर चुनौती दी है, लेकिन श्रद्धा, उत्साह बरकरार है। आयोजक उम्मीद कर रहे हैं कि शाम तक मौसम साफ होगा और रावण दहन का आयोजन उसी उत्साह से होगा, जिसके लिए तैयारियां की गई थीं।

5 **अक्टूबर को ...**अपलोड कर दिए गए थे। लेकिन अब नई तिथि घोषित की जाएगी। हालांकि आयोग से 12 अक्टूबर को प्रस्तावित सहायक कृषि अधिकारी वर्ग-एक (रसायन विज्ञान) व प्राविधिक सहायक वर्ग-एक (अभियंत्रण शाखा) भर्ती परीक्षा पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। 10 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा के लिए आयोग ने देहरादून में एक मात्र परीक्षा केंद्र निर्धारित किया है। आयोग के सचिव डा. शिव कुमार बरनवाल ने पुष्टि की, बताया कि फिलहाल पांच अक्टूबर की भर्ती परीक्षा को स्थगित किया है। नयी तिथि की जानकारी परीक्षार्थियों को अलग से दी जाएगी।

**रंजिश में हुई...**बाल बच गया। इसके बाद आरोपी ने बट से उसके सिर पर वार कर घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों से परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है। पूर्व में भी इन लोगों ने उसके भांजे अंकित की टांग पर गोली मारी थी, जिस मामले में आरोपी जेल जा चुके हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जाति सूचक ...** 17 सितम्बर की रात्रि उस युवक ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर उसके भाई पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। सूचना मिलने पर जब वह वहां पहुंचा तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया। जिसके बाद हमलावर उसके घर जा घुसे और परिजनों से मारपीट की। अनिल का आरोप है कि एक हमलावर पर कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पर्यावरण मित्रों को बांटी किट

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर पंचायत परिसर में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर मलार्पण किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा मंजीत कौर और अधिशासी अधिकारी मो यामीन शेखद्य संयुक्त रूप से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पर्पित किया गया। वही इस अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहरी विकास निदेशालय के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन किया गया।



अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के द्वारा समस्त पर्यावरण मित्रों को फास्टेड किट एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कावल सिंह, निर्मल पांडे, हरिदास हालदार, गौरव सरकार, राजेश कुमार, रवि चौहान, शम्मी कुमार, दिलीप कुमार, रमेश मंडल, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने दी विजयदशमी की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विजयदशमी व दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विजयदशमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। हम सभी को अपने भीतर की बुराइयों को त्याग कर जीवन में सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा भी यह पर्व देता है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने जीवन में अहंकार से मुक्त होकर सच्चाई के रास्ते पर चलें और प्रदेश व देश की सामाजिक समरसता के लिए मिलजुल कर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पावन पर्व हमें इस बात का भी स्मरण कराता है कि सच्चाई का साथ देने वालों की हमेशा जीत होती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि बुराई पर अच्छाई की विजय के इस पावन पर्व पर भगवान श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनायें।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# नगर निगम रूद्रपुर को मिला 35 लाख का पुरस्कार

रूद्रपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में उत्तराखण्ड राज्य की नगर निगम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रूद्रपुर नगर निगम के महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित भव्य समारोह में प्रशस्ति पत्र और 35 लाख की धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया। नगर निगम रूद्रपुर को यह पुरस्कार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर निगम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने, नगर निगम द्वारा 100 प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने, 98 प्रतिशत प्रसंस्करण, 100 प्रतिशत डंप साइट उपचार, एवं गार्बे फ्री सिटी में 1 स्टार ओर ओडीएफ प्लस प्लस श्रेणी प्राप्त करने जैसी उपलब्धियों को हासिल करने पर दिया गया। भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रपुर के सिंह कालोनी में पहले शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का वर्चुअल शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने रूद्रपुर नगर निगम के महापौर विकास शर्मा को मात्र सात माह के कार्यकाल में बड़ी उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए बधाई दी और रूद्रपुर शहर के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। महापौर विकास शर्मा ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' मिलना नगरवासियों के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान हम सभी की साझा मेहनत और जन सहयोग का परिणाम है। शहर को स्वच्छ रखने में हमारे सफाई कर्मियों, अधिकारियों और नागरिकों की महती भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, हरित और सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह पुरस्कार निगम की प्रतिबद्धता



का प्रमाण है। महापौर ने कहा कि सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रपुर वासियों को शहरी शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सौगात भी दी है। पहला आरोग्य मंदिर सिंह कालोनी में खोला गया है इसके अलावा सात अस्पताल और खोले जाने हैं। प्रत्येक हेल्थ सेंटर से 15 से 20 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। ये केन्द्र शहर के अलग अलग स्थानों पर खोले जायेंगे। प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में एमबीबीएस चिकित्सक फार्मोसिस्ट नर्स सहित पांच लोगों का स्टाफ होगा। इन अस्पतालों में आम जनता को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जायेंगी। महापौर ने बताया कि इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री धामी ने आज स्ट्रीट वेंडर्स के सर्वेक्षण अभियान का भी शुभारम्भ किया है। इसके तहत शहर के सभी स्ट्रीट वेंडरों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण कराया जायेगा। इसके अलावा सीएम धामी ने निकायों को नये कूड़ा वाहन प्रदान करने का भी ऐलान किया है जिसके तहत नगर निगम को 25 नये वाहन मिलेंगे। इससे शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जायेगा। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में रूद्रपुर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। कार्यक्रम में कार्यक्रम में कैथ्बनेट मंत्री गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल, विधायक उमेश काऊ, सरिता कपूर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## पुलिस ने चार फरार वारंटी किए गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अमर चन्द शर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चार वारण्टियों नवीन चन्द्र सुनाल पुत्र स्व.देवीदत्त सुनाल निवासी नेगी निवास तीनपानी हल्द्वानी, मनीष जोशी पुत्र प्रकाश चन्द्र जोशी निवासी वैलेजली लॉज हल्द्वानी, कृष्णानन्द भट्ट पुत्र टीकाराम निवासी सद्भावना कॉलोनी महर्षि स्कूल के पास हल्द्वानी और राकेश कुमार उर्फ टिट्टू पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी राजपुरा वार्ड नं0 12 गली नं0 02 हल्द्वानी को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उनि प्रेम राम विश्वकर्मा चौकी प्रभारी मण्डी, उनि अनिल कुमार चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव, उनि कृष्णा गिरी चौकी प्रभारी राजपुरा, उनि मनोज कुमार चौकी प्रभारी टीपीनगर, का. धीरेन्द्र सिंह,सतवीर सिंह, नीरज कुमार, ललित मेहरा शामिल थे











## तनिशा चावला और मुस्कान चावला को रामलीला कमेटी ने किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत उधम सिंह नगर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक व नगर पालिका परिषद गदरपुर की ब्रांड एम्बेसडर तनीशा चावला और पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक व नगर पालिका परिषद गदरपुर की ब्रांड एंबेसडर मुस्कान चावला को समाज में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी गदरपुर के अध्यक्ष रमन छाबड़ा व नगर पालिका परिषद गदरपुर के अध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू द्वारा श्रीराम पटका और पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तनीशा चावला अखिल भारतीय साहित्य परिषद उत्तराखंड की जिला युवा प्रकोष्ठ प्रमुख भी हैं। तनीषा चावला ने गदरपुर में अनेकों सामाजिक, शैक्षणिक, स्वच्छता जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण अभियान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण अभियान व विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है। मुस्कान चावला ने भारत के संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए भाषण दिया। मंच का संचालन विकास तनेजा ने किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के महामंत्री संतलाल हूड़िया, कोषाध्यक्ष राज गुम्बर, रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारी और भारी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।



## रामलीला में कॉमेडियन मदन हुड़िया ने पुष्पा बनकर लूटी महफिल

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिव पार्वती रामलीला मंचन में उस समय दर्शक ठहाकों से गूंज उठे जब मशहूर कॉमेडियन और रामलीला के डायरेक्टर मदन हुड़िया ने अनोखे अंदाज में पुष्पा का हास्य रोल निभाया। रावण दरबार में अंगद द्वारा पैर जमाने के प्रसिद्ध दृश्य में जब एक-एक कर सभी शूरवीर अंगद का पैर उठाने में असफल रहे, तब मंच पर मदन हुड़िया पुष्पा के गेटअप में पहुंचे। उन्होंने मंच पर आते ही अपने प्रसिद्ध अंदाज में डायलॉग ठोका- "बाटोगे तो काटोगे, एक रहोगे तो सेफ रहोगे। जितना सीता यहां पर सेफ है उसकी जिम्मेदारी हम लेते हैं। झुकेगा नही साला। उनकी इस तड़क-भड़क भरी कॉमिक एंट्री पर दर्शकों ने ठहाकों और तालियों से स्वागत किया। इस बेहतरीन ह्यूमर ने रामलीला के पौराणिक दृश्य में मनोरंजन का तड़का लगाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा ने मदन हुड़िया की कॉमेडी की तारीफ करते हुए कहा कि हुड़िया द्वारा डायरेक्टर के पद पर होने से रामलीला में चार चांद लग गए उन्होंने कल विजयदशमी पर राम रावण के युद्ध की लीला भी खेली जाएगी।

